



**हादसा** नहर में नहाते तेज बहाव में बही, गहराई में समाई, मातम में बदली शादी की खुशियां

## केनाल में दो युवतियां, एक मासूम डूबीं



**जबलपुर ।** बरगी थाना अंतर्गत सालीवाड़ा में शादी की खुशियाँ मातम में बदल गईं। रिश्तेदारी में शादी समारोह में आईं दो युवतियां, एक मासूम नर्मदा नहर (केनाल) में गुरूवार सुबह नहाते समय डूब गईं और देखते ही देखते चंद पलों में आंखों से ओझल हो गईं। हादसे से मौके पर मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई । एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घंटों तलाश के बाद दोपहर में युवती और मासूम का शव रेस्क्यू टीम ने खोज निकाला जबकि एक अन्य युवती की तलाश में देर शाम तक सर्चिंग जारी रही लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। अंधेरा हो जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन बंद करना पड़ा। आज पुन: उसकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलेगा।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सालीवाड़ा निवासी ढीलन पटेल के यहां शादी समारोह आयोजित था। जिसमें शामिल होने अलग-अलग क्षेत्रों से रिश्तेदार पहुंचे थे। दो युवतियां, एक मासूम भी रिश्तेदार के यहाँ आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। गुरूवार सुबह भीषण गर्मी के कारण वे पास ही स्थित बरगी नहर में नहाने चली गईं, जहाँ पानी के तेज बहाव और गहराई का अंदाजा न होने के कारण तीन गहरे पानी में समा गईं थी।

### सुबह दस बजे डूबी, चीख पुकार के बीच रेस्क्यू

बरगी थाना प्रभारी नितेश दोहरे ने बताया कि सुबह करीब दस बजे नहाते समय शीतल पटेल पिता संतोष पटेल (20) निवासी शास्त्री नगर, मेडिकल, तनु पटेल पिता बृजेश पटेल (18) निवासी कोसमघाट, गौर, सानिया पटेल पिता नरेश पटेल (8) निवासी कटिया घाट, गौर डूब गई थीं। हादसे की खबर मिलते ही शादी वाले घर और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल रहा । सूचना मिलते ही बरगी नगर पुलिस टीम 15 मिनट में मौके पर पहुँची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। बाद में एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है।

### घर जाने के पहले अचानक बना प्लान

बुधवार को शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी को गुरूवार को वापिस अपने-अपने घर जाना था लेकिन सुबह-सुबह अचानक लड़कियों ने नहर में नहाने का प्लान बनाया और वे नहाने पहुंच गई थी ।

### एक घंटे बाद एसडीआरएफ टीम नहर में उतरी

हादसे के करीब एक घंटे के बाद एसडीआरएफ टीम नहर में उतरी। इसके नहर के गहरे पानी में युवतियों, बालिका की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया । नहर के आसपास सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई परिजनों का बुरा हाल रहा।

### पहले शीतल फिर सानिया का शव मिला, तनु की तलाश

दोपहर करीब 3 बजे शीतल का बरामद किया गया । इसके बाद दोपहर 3:28 बजे सानिया की लाश मिली। देर शाम तक तनु का सुराग नहीं लगा। शाम करीब 7:4 बजे रेस्क्यू अंधेरा होने से बंद कर दिया गया ।

### तैराक युवती, महिला ने बचाने की कोशिश की

इस दौरान नर्मदा में नहा रही एक अन्य युवती ने तेज बहाव में बह रही लड़कियों को बचाने की कोशिश की। वे तैराक थी। इसके अलावा एक महिला ने भी साड़ी फेंकी लेकिन तेज बहाव के चलते लड़कियों को बचाया नहीं जा सका ।

## विशेष न्यायाधीश की कार्रवाई हाईकोर्ट ने की निरस्त

**एसआई के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर समन जारी करने का मामला**



**जबलपुर।** हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने शहडोल के विशेष न्यायाधीश की उस कार्रवाई को निरस्त कर दिया जिसके तहत एक उप निरीक्षक के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर समन जारी किया गया था।

दरअसल शहडोल निवासी राकेश मिश्रा की ओर से यह मामला दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता जय शुक्ला ने पक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि धनेश्वर गोले व अन्य ने विशेष कोर्ट में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता ने उसके घर में जबरन प्रवेश किया, उसके घर में जातिगत नाम से गाली दी, उसे धमकाया और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। न्यायालय को बताया गया कि अवैध कब्जे की एक शिकायत पर थाना प्रभारी के आदेश से उक्त शासकीय कार्रवाई की गई थी। विशेष न्यायालय को उप निरीक्षक के मामले में संज्ञान लेने से पहले शासकीय स्वीकृति लेना जरूरी था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### नियुक्ति निरस्ती का सीईओं का आदेश निरस्त

मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में स्पष्ट किया कि सुनवाई का मौका दिए बिना किसी की भी नियुक्ति निरस्त नहीं की जा सकती। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने सीईओ जिला पंचायत उमरिया के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसके तहत ग्राम सभा मोबिलाइजर की नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। इसके साथ ही एकलपीठ ने सीईओं को निर्देशित किया है वह दोनों पक्षकारों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देते हुए नये सिरे से कार्रवाई करें। उमरिया निवासी प्रियंका यादव की ओर से योगेश सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता को उक्त पद पर नियुक्ति दी गई। एक शिकायत पर जांच के बाद नियुक्ति निरस्त कर दी गई। दलील दी गई कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन करते हुए नियुक्ति निरस्त करने का आदेश पारित किया गया है। आदेश पारित होने से पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया और उसकी जगह अनावेदिका रंजना यादव को नियुक्ति दे दी गई। न्यायालय ने मामले में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि उक्त आदेश पारित करने से पहले सीईओ ने याचिकाकर्ता को सुनवाई का कोई अवसर नहीं दिया। याचिकाकर्ता की बात नहीं सुनी गई और इसलिए उसे अनसुना कर दोषी ठहराया गया। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन राज्य के किसी भी निकाय द्वारा किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने सीईओ को कहा कि दोनों पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देते हुए नए सिरे से कार्रवाई करें।

## प्रशिक्षण से गायब 76 कर्मचारियों को नोटिस

**2027 जनगणना की तैयारियां तेज**



**जबलपुर।** 2027 जनगणना की तैयारियां तेज कर दी गई है । इसके साथ ही प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया । प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। दरअसल भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुचारू और सटीक बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम के 16 संभागों के अंतर्गत आने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरूवार से आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), मढ़ोताल में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल तक निरंतर चलेगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आई.टी.आई. परिसर में प्रशिक्षण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराना है ताकि भविष्य में डेटा संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

### 860 कर्मचारी आवंटित, 76 बिना बताये हुए गायब

प्रशिक्षण के पहले दिन कुल 860 आवंटित कर्मचारियों में से अधिकांश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों के प्रति प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ज्कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नकाबपोश बदमाशों ने की सरेराह इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

**सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुआ गोलीकांड**

**प्रॉपर्टी विवाद आया सामने छानबीन में जुटी पुलिस**



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बडा पत्थर नरसिंहनगर में गुरूवार सुबह बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक सिविल इंजीनियर के सिर में गोली मारकर सरेराह हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी। गोलीकांड सीसीटीव्ही कैमरे में भी कैद हो गया। अब तक की जांच में रायपुर का प्रापर्टी विवाद सामने आया है। पुलिस हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है। साथ ही संदेहियों को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक क्लीरेंस एटकिंस 39 वर्ष निवासी बड़कू का बाड़ा रांझी का सिविल इंजीनियर था। गुरूवार सुबह वे अपने 5 वर्षीय बेटे को स्कूल छोडकर वापस अपनी मोटर सायकिल से आ रहा था सुबह 8-30 बजे जैसे ही बडा पत्थर नरसिंह नगर में अशोक मेडिकल के पास पहुंचा तभी एक मोटर सायकिल पर 2 अज्ञात लोग आये एवं क्लीरेंस एटकिंस की ओर बंदूक तानी और फायर कर दिए। बदमाशों ने बेहद करीब से निशाना साधते हुए फायरिंग की, जिसके कारण गोली सीधे सिर में जा धंसी। गोली लगते ही वह अचेत होकर सड़क पर गिर पड़े, जबकि हमलावर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल युवक को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल रेफर कर दिया गया । मेडिकल में दोपहर तीन बजे उसकी मौत हो गई।

### पुलिस-एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों की पहचान और उनके भागने के मार्ग का पता लगाया जा सके। गोलीकांड से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें आरोपी फायरिंग करते नजर आ रहे है।

### रेकी के बाद वारदात

वारदात को हमलावरों ने रैकी के बाद अंजाम दिया है। अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गई है। टीम संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

### संदेही चिन्हित, पूछताछ जारी

प्रारंभिक जांच में पुलिस इस हमले के पीछे रायपुर का जमीन विवाद सामने आ रहा है। पुलिस परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ कर रही है। मामले में पलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । साथ ही प्रापर्टी विवाद सामने आया के बाद कुछ संदेहियों को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है जांच चल रही है

## रिकॉर्ड डिजिटलीकरण में गंभीर लापरवाही, दो पटवारी निलंबित

**डाटा चेक नहीं करने पर रिकॉर्ड हुआ ऑटो अपडेट**

**नवभारत, जबलपुर।** राजस्व विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'लिगेसी रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण' के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने पर जबलपुर जिले के दो पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण कार्य में उदासीनता दिखाने और रिकॉर्ड की जांच न करने के कारण पाटन तहसील के पटवारी देवेंद्र पटेल और रांझी तहसील के पटवारी चंद्रशेखर चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों कर्मचारियों द्वारा डाटा चेक न किए जाने के फलस्वरूप रिकॉर्ड ऑटो अपडेट मोड पर चला गया, जिसे शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही और वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की अवहेलना माना गया है।

### पुराने राजस्व हो रहे डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित

उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा वर्तमान में जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर छह प्रकार के पुराने राजस्व अभिलेखों को डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित किया जा रहा है। योजना के नियमों के अनुसार पोर्टल पर डाटा सार्वजनिक करने से पूर्व संबंधित पटवारियों को कुल रिकॉर्ड का पांच प्रतिशत अनिवार्य रूप से सत्यापित करना होता है। इस प्रक्रिया में यह प्रावधान भी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में रिकॉर्ड की जांच नहीं की जाती, तो डाटा दस दिनों के भीतर स्वत: अपडेट होकर पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगता है, जिससे त्रुटियों की संभावना बनी रहती है।

### शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी

निलंबन की अवधि के दौरान दोनों पटवारियों का मुख्यालय संबंधित तहसील कार्यालय नियत किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि डिजिटल इंडिया के तहत चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## भंडारित गोदामों से खरीदी तक नहीं निकलेगा गेहूं

**कलेक्टर ने जारी किया आदेश, गोदामें होंगी सील**



**नवभारत, जबलपुर।** गोदामों में भंडारित विगत वर्षों का गेहूं रीसाइकिल होकर उपार्जन केंद्रों में बिकने की आशंका को देखते हुये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा जिले में स्थित गोदामों में भंडारित गेहूं की निकासी पर उपार्जन अवधि तक प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने आदेश में ऐसे गोदामों को सील करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### निकासी के लिए लेनी होगी लिखित अनुमति

आदेश के मुताबिक गोदामों से उपार्जन अवधि में गेहूं निकासी की अनुमति सिर्फ अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के लिखित अनुमति से ही मिलेगी। निकासी के समय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी स्थिति में गोदाम का पुराना गेहूं उपार्जन केंद्र में विक्रय हेतु न पहुंचे। आदेश के मुताबिक गोदामों में कीटोपचार की कार्रवाई भी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की अनुमति से ही हो सकेगी। गोदाम में सुरक्षा की पूरी जवाबदारी मालिक की ही होगी।



## सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर 19 बसें जब्त

**स्कूल बसों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई**

**नवभारत, जबलपुर।** परिवहन विभाग ने शहर में स्कूल बसों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा के नेतृत्व में संभागीय परिवहन सुरक्षा उड़नदस्ता टीम ने सघन जांच की। जांच के दौरान कई स्कूलों की बसों में जरूरी दस्तावेजों की कमी और सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई गई। कार्रवाई करते हुए माउंट लिट्रा जी स्कूल की 12 बसें, रियान इंटरनेशनल स्कूल (शांतिनगर) की 5 बसें और सेंट जेवियर स्कूल (गुप्तेश्वर) की 2 बसें जब्त की गईं। हालांकि, इन बसों को सुपुर्दनामा पर छोड़ा गया। प्रभारी राजेंद्र साहू ने स्कूल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि सभी बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों और आवश्यक दस्तावेजों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान प्रभारी राजेंद्र साहू, उप निरीक्षक अक्षय पटेल, परिवहन आरक्षक इम्तियाज हुसैन, पीयूष मरावी, आशुतोष मोघे, उमाशंकर उपाध्याय, अशोक खार्पडे और निमिषा तिवारी सहित पूरी टीम मौजूद रही।


यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर, उठायें सरकारी योजना का लाभ।
बोर्ड एग्जाम का % बढ़ाएं, समय बचाएं, NEET/ IIIT में एडमिशन गाइडेंस।
हमारे 36 बच्चों ने पाया लेपटॉप योजना का फायदा
ENGLISH & HINDI MEDIUM
Office- 8 To 4
Nursery, LKG, UKG, Admission Free*
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा।
अधारताल तिराहा- 9303580611 • अमखेरा रोड, गोहलपुर- 9111009016

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE
Bus Facility
Air Cooled Hostel
Atal Tinkering Lab
Separate Hostel for Girls & Boys
Safe Campus
Large Playground
Healthy Environment
Greenery in Abundance
State of Art Classrooms
Digital Classrooms
CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

SHIVAM CERAMIC JABALPUR
QUTONE
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555

LEONARD H.S.SCHOOL
(Recognised by Govt of M.P.)
Classes : Nursery to 12th
Come and join us
ADMISSION OPEN
Informatics Practices/Maths Science/Commerce/Arts Groups
The School is located in a Peaceful and eco friendly atmosphere.
Emphasis is given on Spoken English in all the classes.
Sports and Cultural activities are held on a regular basis.
Excellent Board Results Year after Year.
53, Denning Road, Behind Civil Line Police Station Jabalpur (MP)
Phone : 0761-4030678, 9425387092, 7999910499

नवरात्रि एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
JYOTI INNER ZONE
10% से 15% तक की भारी छूट
LUX cozi, AMUL MACHO, JOCKEY, RUPA, DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura, Near Super Market, Jabalpur (MP) 0761- 4038008

ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN
BULBUL KINDS KINGDOM HIGH SCHOOL
UNIFORM FREE
Nursery, LKG, UKG & 1st to 10th
web : bulbulkidskingdom.com
New Ram Nagar, Amkhera Road, Adhartal Jabalpur 9301408550, 6266655219, 9301408551